# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2026-27

कक्षा: चार | विषय: हिंदी व्याकरण | पाठ: वर्ण विचार

## <u>वर्ण विचार</u>

**⁎⁎वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है ।**

****वर्ण के भेद:-वर्ण के दो भेद होते हैं।**

**१-स्वर**

**२-व्यंजन**

**** हिंदी वर्णमाला में कुल ग्यारह (11) स्वर हैं।**

**अ, आ इ ,ई ,उ, ऊ, ॠ ए, ऐ, ओ ,औ**

****हिंदी वर्णमाला में तैंतीस (33) व्यंजन होते हैं।**

**क से ह तक**

**⁎मात्राओं की संख्या दस (१०) होती है। ‘अ’ स्वर की कोई मात्रा नहीं होती।**

**<u>वर्णमाला</u>:- वर्णों का क्रम से लिखा गया समूह वर्णमाला कहलाता है।**

****<u>अनुस्वार</u> :- अनुस्वार का उच्चारण नाक से किया जाता है इसका चिह्न बिंदु (•) होता है।**

जैसे :-शंख ,पंख ,कंगन, गंगा ,आदि।

**<u>अनुनासिक</u> :- इसका उच्चारण नाक और गले से किया जाता है इसका चिह्न चंद्रबिंदु (ँ) होता है।

जैसे चाँद, आँख ,गाँव आदि।

**संयुक्त व्यंजन:-दो भिन्न व्यंजनों के मेल से बने व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं। यह संख्या में चार होते हैं।

क्+ष् = क्ष

त्+र् = त्र

ज्+ञ् = ज्ञ

श्+र् = श्र

**वर्ण विच्छेद:-किसी शब्द के प्रत्येक वर्ण को अलग -अलग करना वर्ण विच्छेद कहलाता है।

जैसे:- कमल- क्+अ+म्+अ+ल्+अ

पावन- प्+आ+व्+अ+न्+अ